21

सत्यमेव जयते

G. S. SANDHU I.A.S.

जी. एस. संधु आई.ए.एस.

Principal Secretary
प्रमुख शासन सचिव
Rural Development & Panchayati Raj Department
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
Government Secretriat, Rajasthan, Jaipur-302 005
शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर - 302 005

क्रमांक: पीएस / पीएसआरडीपीआर / 2009 /
दिनांक: **Wednesday, 25 February 2009**

प्रिय श्री कलेक्टर,

जिला कलेक्टर्स सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने नरेगा के अन्तर्गत चल रहे कार्यों को सही व प्रभावी तरीके से संचालित करने हेतु निर्देश दिए थे। आप जानते हैं कि यह योजना एक अति महत्वपूर्ण योजना है जिसका गरीबी उन्मूलन में बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि इस योजना का सही लाभ सही लोगों को समय पर मिले जिससे योजना का उद्देश्य पूर्ण हो सके। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों की दिशा में इस विभाग द्वारा दो आदेश जारी किए गए हैं जिनके अन्तर्गत प्रत्येक जिला स्तर पर हैल्पलाईन की स्थापना तथा मोबाइल टीमों का गठन किया जाना है। इस योजना के प्रभावी कियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि इससे जुड़ी हुई प्रत्येक शिकायत को सुनने तथा उनके निस्तारण के लिए एक सरल एवं प्रभावी प्रकिया सुनिश्चित की जाए जो सभी को आसानी से उपलब्ध हो। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जिला स्तर पर एक हैल्पलाईन की स्थापना की जाए। आपको स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से हैल्पलाइन स्थापना करने के लिए लिखा गया है लेकिन यदि आप समझते हैं कि जिले में कोई संस्था इस कार्य के लिए सक्षम नहीं है तो आप इसे विभागीय स्तर पर भी चलाने की व्यवस्था करें। इसके लिए आवश्यक स्टाफ व सामग्री जैसे कम्प्यूटर, टेलीफोन, फर्नीचर आदि की व्यवस्था पर होने वाले समस्त व्यय को इस योजना के अन्तर्गत उपलब्ध प्रशासनिक व्यय की राशि से कर लें। यह हैल्पलाइन शीघ्रातिशीघ्र चालू करें तथा इसका पूरे क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जाना भी सुनिश्चित करें।

उक्त योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण एक समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। इस हेतु आपको प्रत्येक जिला स्तर पर एक मोबाइल टीम गठित करने के बारे में लिखा गया है। इसका उपयोग आप अचानक निरीक्षण एवं गम्भीर शिकायतों की जांच तुरन्त करने के लिए करें तथा इस जांच पर सक्षम स्तर पर तुरन्त निर्णय लिए जाने की व्यवस्था भी करें ताकि अनियमितताओं पर अंकुश लग सके व इनकी पुनरावृत्ति न हो।

उक्त निर्देशों की पालना शीघ्र करते हुए की गयी कार्यवाही से मुझे अवगत कराने का कष्ट करें।

सद्भावी,

(जी.एस.संधु)

समस्त जिला कार्यक्रम समन्वयक(जिला कलेक्टर)
राजस्थान।

Tel. No. 0141-2227132 (Office) 2707400 (Res) *Fax : 0141-2227132* *E-mail: psrdpr@yahoo.com*
Room No. 5213, Secretariat, JAIPUR, Rajasthan - 302 005 (INDIA)